# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–2810/26 दिनांक 02.04.26

**समयबद्ध / सर्वोच्च प्राथमिकता**

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य,**
समस्त निजी क्षेत्र के नर्सिंग / सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षणों के ट्यूशन फीस में वृद्धि के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–7002 / 16 दिनांक 18.07.2016 (प्रति संलग्न) के द्वारा निजी क्षेत्र के नर्सिंग / सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) संस्थानों में सत्र् 2016–17 से ट्यूशन फीस में डेढ़ गुना की वृद्धि की गई थी तथा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 के पत्र संख्या–181 / एम0ई0–3 / 2017 दिनांक 27.04.2017 (प्रति संलग्न) के द्वारा समस्त नर्सिंग / सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) संस्थानों को स्पष्ट किया गया था कि सत्र् 2016–17 एवं उसके बाद प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वालों से यह ट्यूशन फीस लागू होगी।

उपरोक्त के क्रम में इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत करें कि संस्थान द्वारा उक्त पत्र के अनुपालन में उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में निर्धारित ट्यूशन फीस ही अभ्यर्थियों से ली जा रही है। यदि किसी संस्थान द्वारा निर्धारित ट्यूशन फीस से अधिक ट्यूशन फीस अभ्यर्थियों से ली जा रही है तो उसकी सुस्पष्ट आख्या इस कार्यालय में 03 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक**–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव।

प्रेषक,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ०प्र०
एवं
अध्यक्ष,
उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी,
लखनऊ।

सेवा में,

प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र।

पत्र सं० 181/एम ई-3/2017 दिनांक 27/04/17

विषयः नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षणों में ट्यूशन फीस के संबंध में।

महोदय,

उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी के पत्र सं० 7002/16 दिनांक 18.07.2016 के द्वारा सूचित किया गया था कि शासी समिति के निर्णय के अनुसार प्रशिक्षणों की ट्यूशन फीस डेढ़ गुनी कर दी गयी है। इस निर्णय में यह स्पष्ट करना है कि यह ट्यूशन फीस केवल सत्र 2016–17 एवं उसके बाद प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले पर लागू होगी।

जिन प्रशिक्षण केन्द्रों ने उक्त ट्यूशन फीस नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों से ली गयी है, उन्हें तत्काल वापस कर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा ऐसे प्रशिक्षण केन्द्रों की सम्बद्धता उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा समाप्त की जा सकती है।

भवदीय,

(डा० वी०एन० त्रिपाठी)
महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ०प्र०

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001
फोन : 0522 - 2236846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 7002/16 दिनांक 18/7/16

रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट

सेवामें,

प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र।

विषयः नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षणों के ट्यूशन फीस में वृद्धि के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की शासी समिति की बैठक दिनांक 28.01.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षणों के ट्यूशन फीस में डेढ़ गुना वृद्धि प्रस्तावित कर दी गयी है, अतः इसे सत्र 2016–17 से लागू करना सुनिश्चित करें।

वर्तमान में निर्धारित ट्यूशन फीस का विवरण इस पत्र के साथ संलग्न है।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी

**Admission fees for General Nursing and Midwifery, Auxiliary Nurse & Midwife /Health Worker (Female) and Various Paramedical Courses from Session 2016-2017**

| Sr. No. | Course Name | Government | Private | |
|---|---|---|---|---|
| | | Yearly Fee | Admission Fee (One Time) | Monthly/Yearly Fee |
| 1 | Diploma in General Nursing & Midwifery | | Rs.4500 | Rs.4500(Per month) |
| 2 | Auxiliary Nurse & Midwife / Health Worker (Female) | | Rs.3000 | Rs.3000(Per month) |
| 3 | Certificate in Baby Nursing & Child Care | | | Rs.5000 (for complete course) |
| 4 | Diploma in Lab Technician | Rs.18,000 | | Rs.1875(per month) [SMF Quota] Rs.5000(per month) [Mgmt. Quota] |
| 5 | Diploma in X-Ray Technician | Rs.18,000 | | Rs.1875(per month) [SMF Quota] Rs.5000(per month) [Mgmt. Quota] |
| 6 | Diploma in Radiotherapy Technician | Rs.18,000 | | Rs.1500(per month) |
| 7 | Diploma in Pharmacy | Rs.18,000 | | Rs.3750(per month) [SMF Quota] Rs.5000(per month) [Mgmt. Quota] |
| 8 | Diploma in Optometry | | | Rs.4500(per month) |
| 9 | Diploma in Orthoptics | | | Rs.4500(per month) |
| 10 | Diploma in Physiotherapy | | | Rs.4500(per month) |
| 11 | Diploma in O.T. Technician | | | Rs.4500(per month) |
| 12 | Diploma in Occupational Therapy | | | Rs.4500(per month) |
| 13 | Diploma in Cardiology Technician | | | Rs.4500(per month) |
| 14 | Diploma in C.T. Scan Technician | | | Rs.4500(per month) |
| 15 | Diploma in Dialysis Technician | | | Rs.4500(per month) |
| 16 | Diploma in Emergency Trauma Care Technician | | | Rs.4500(per month) |
| 17 | Diploma in Sanitation | | | Rs.4500(per month) |
| 18 | Diploma in M.R.I. Technician | | | Rs.4500(per month) |
| 19 | Diploma in C.S.S.D. Technician | | | Rs.4500(per month) |
| 20 | Diploma in Blood Transfusion Technician | | | Rs.4500(per month) |
| 21 | Certificate in Emergency Trauma Care Assistant | | | Rs.4500(per month) |
| 22 | Paramedical Degree Courses (in any stream) | | | Rs.6000(per month) |
| 23 | Paramedical P.G.Courses (in any stream) | | | Rs.9000(per month) |
| 24 | B.Sc. Nursing | | | Rs.6000(per month) |
| 25 | M.Sc. Nursing | | | Rs.9000(per month) |